

# कलेक्टोरेट में फिर भड़का गुस्सा, न्याय की मांग ने मचाई हलचल

- 'छह साल से भटक रहा हूं...' कहकर युवक ने खुद पर डाला ज्वलनशील पदार्थ
- कर्मचारियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जमीन विवाद को लेकर लोगों का गुस्सा लगातार उबाल पर दिखाई दे रहा है। मंगलवार को एक किसान द्वारा आत्मदाह की कोशिश के बाद शुक्रवार को फिर एक युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। घटना से कलेक्टोरेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर कलेक्टर मिशा सिंह कार्यालय से बाहर निकल रही थीं, तभी नामली निवासी रमेश कुमावत अचानक आगे आया और खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। युवक की हरकत देखते ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया और बड़ा हादसा होने से रोक दिया। घटना के बाद कलेक्टर तुरंत वापस अपने चैंबर में पहुंचीं और युवक को बुलाकर उसकी समस्या सुनी।

युवक रमेश कुमावत का आरोप है कि वह पिछले छह वर्षों से जमीन संबंधी मामले में न्याय के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहा है। उसका कहना है कि उसकी कुछ भूमि को शासकीय घोषित कर दिया गया, जबकि करीब ढाई बीघा जमीन बिजली कंपनी के लिए अधिग्रहित की गई थी। अब वह संबंधित भूमि अपने नाम दर्ज कराने की मांग कर रहा है, लेकिन सुनवाई के बावजूद समाधान नहीं हो पा रहा।

घटना के बाद कलेक्टर ने तत्काल रतलाम ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर और तहसीलदार आशीष उपाध्याय को तलब कर मामले की जानकारी ली। वहीं स्टेशन रोड थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस युवक को अपने साथ एसडीएम ग्रामीण कार्यालय ले गई, जहां उसके बयान दर्ज किए गए। दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि युवक अपनी जमीन पहले ही बेच चुका है और अब अतिरिक्त भूमि अपने नाम दर्ज कराने की मांग कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार मामला राजस्व अभिलेखों से जुड़ा है और वर्तमान में एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है।

> **प्रकरण की सुनवाई जारी है :एसडीएम**
>
> रतलाम ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर ने बताया कि प्रकरण की सुनवाई जारी है। शुक्रवार को भी मामले में सुनवाई हुई थी। इसी दौरान आवेदक कलेक्ट्रेट पहुंचा और खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालने का प्रयास किया, लेकिन समय रहते उसे रोक लिया गया। प्रशासन ने मामले में राजस्व रिकॉर्ड की जांच जारी रखने की बात कही है।



## निर्माणाधीन बंजली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पहुंची खेल अधिकारियों की टीम

- निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रतलाम जिले में खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देने की दिशा में तैयार हो रहे बंजली इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का शुक्रवार को जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवान बलवंत भाटी तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन विभिन्न खेल सुविधाओं एवं कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी से कार्य की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर बलवंत भाटी ने कहा कि इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के तैयार होने के बाद रतलाम जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों और बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं से जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा ने भी निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खेल प्रशिक्षक जितेंद्र धुलिया सहित निर्माण एजेंसी के सुपरवाइजर एवं इंजीनियर उपस्थित रहे।

# 'सरल संवाद' में योगाचार्य डॉ. ओसी जैन का सम्मान

- श्री रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम में गूंजा योग का संदेश
- 15 हजार से अधिक लोगों को दे चुके हैं नई जिंदगी की राह



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम रतलाम में आयोजित 'सरल संवाद' कार्यक्रम भावनाओं, प्रेरणा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम में निसर्ग योग प्रतिष्ठान के संस्थापक एवं वरिष्ठ योगाचार्य डॉ. ओसी जैन का सम्मान किया गया। योग साधना और जनसेवा को समर्पित उनके जीवन संघर्ष की गाथा ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. ओसी जैन ने अपना संपूर्ण जीवन योग के प्रचार-प्रसार और जनसामान्य के स्वास्थ्य सुधार के लिए समर्पित कर दिया। उनकी सरल एवं प्रायोगिक योग विधियों से अब तक 15 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। उनके आठ दशकों के अनुभवों पर आधारित एक लघु पुस्तक भी प्रकाशन की प्रक्रिया में है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को योग की व्यावहारिक जानकारी और प्रेरणा मिल सकेगी।

डॉ. ओसी जैन का जन्म 22 अक्टूबर 1937 को मंदसौर जिले के ग्राम कचनारा में हुआ। अत्यंत अभावों के बीच जीवन की शुरुआत करने वाले डॉ. जैन ने संघर्षों के दम पर शिक्षा प्राप्त की और शिक्षक बने। नौकरी करते हुए उन्होंने बीए, एमए, बीएड तथा साहित्य रत्न जैसी उपाधियां अर्जित कीं।शासकीय सेवा के दौरान अत्यधिक कार्यभार और अनियमित दिनचर्या के कारण वे मात्र 28 वर्ष की आयु में गंभीर कोलाइटिस रोग से ग्रसित हो गए। लंबे समय तक विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से उपचार कराने के बावजूद स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता गया। इसी बीच जयपुर स्थित योग अनुसंधान केंद्र में स्वामी आनंदानंद जी महाराज के सानिध्य में योग साधना शुरू की। कुछ ही समय में स्वास्थ्य में सुधार हुआ और दो माह की साधना ने उन्हें नया जीवन दे दिया। योग से मिले नवजीवन के बाद उन्होंने प्रण लिया कि शेष जीवन योग सेवा और समाजहित को समर्पित करेंगे। वर्ष 1970 में योग उपचार पद्धति की दीक्षा लेकर उन्होंने जनसामान्य के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए। पिछले पांच दशकों में उनके हजारों शिष्य देश-विदेश में योग और स्वास्थ्य जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने रतलाम के डोगरे नगर स्थित 'निसर्ग योग प्रतिष्ठान' के माध्यम से योगिक उपचार और प्राकृतिक जीवनशैली का अभियान आगे बढ़ाया। यहां आज भी अनेक लोग योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. मुनीन्द्र दुबे द्वारा संचालन एवं सम्मान पत्र वाचन किया गया। दीप प्रज्वलन, त्रिदेव आरती, भक्ति संगीत, अतिथि स्वागत, स्वास्थ्य एवं योग विषयक व्याख्यान, डॉ. ओसी जैन की योग यात्रा पर प्रकाश, लाभान्वित लोगों के संस्मरण और डॉ. जैन के प्रेरक संदेश ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। अंत में आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश त्रिवेदी द्वारा किया गया। आयोजनकर्ता सुभाष शर्मा, प्रविण उपाध्याय, डॉ. संजय उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## पेट्रोल-डीजल ड्रम या कैन में नहीं दे सकेंगे पंप

**रतलाम।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव के आदेशानुसार जिले में हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की बिक्री में असामान्य बढ़ोतरी को देखते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को डिब्बे, ड्रम, और केन में पेट्रोल/डीजल देने पर रोक लगाई गई है। पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी या कालाबाजारी सूचना/शिकायत पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# नवागत बीआरसी सुरेखा ने संभाला पद, शिक्षक संघ ने किया स्वागत

- एक साल से खाली पड़ी कुर्सी भरते ही शिक्षा विभाग में जागी उम्मीद
- टीमवर्क से विकासखंड को शिखर पर ले जाने का संकल्प



**नवभार न्यूज**

**रतलाम।** करीब एक साल से खाली पड़े विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) पद पर नियुक्ति होते ही शिक्षा विभाग का माहौल बदलता नजर आया। शुक्रवार को सुरेखा माना ने जैसे ही रतलाम बीआरसी का पदभार संभाला, लंबे समय से शांत पड़ा कार्यालय फिर से चहल-पहल और उत्साह से भर उठा। नवागत बीआरसी के स्वागत में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ सहित शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। संभागाध्यक्ष प्रकाश शुक्ला और जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुरेखा माना का भव्य स्वागत किया गया। मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं और नए नेतृत्व से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई गई।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि रतलाम विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए संगठन हरसंभव सहयोग करेगा। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा भी दिलाया गया। इस अवसर पर सुरेखा माना ने कहा कि सभी को साथ लेकर टीम भावना से कार्य किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विकासखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में राजेश स्वर्णकर, हरिराम जाटवा, धर्मेंद्र शर्मा, रामलाल निनामा, जितेंद्र डामर, गोविंद पाटीदार, राजेंद्र सिंह राठौर, कैलाश डामोर, महेंद्र सिंह राठौर, भू प्रकाश मालवीय, शांतिलाल गामड़, अलका यादव, योगिता सोलंकी, सारिका व्यास, राखी खंडेलवाल एवं तरन्नुम जहां सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं जन शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

**एक नजर में**

## अधिकारियों की तत्परता से बाजना में नाबालिग दूल्हे का बाल विवाह रोका, बारात बिना दुल्हन के ही लौटी

**रतलाम।** बाजना क्षेत्र के ग्राम धोलपुरा में होने जा रहे एक बाल विवाह को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की सतर्कता से समय रहते रुकवा दिया गया। सुबह फेरे होने से पहले प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और दस्तावेजों की जांच में दूल्हा नाबालिग पाए जाने पर विवाह रुकवा दिया गया। कार्रवाई के बाद बारात बिना फेरे लिए वापस लौट गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि चाइल्डलाइन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सैलाना को सूचना मिली थी कि ग्राम धोलपुरा निवासी छाया पिता राकेश का विवाह ग्राम हाली वाला भगोरा निवासी निलेश पिता कैलाश भगोरा के साथ 29 मई को कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम सैलाना तरुण जैन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। बताया गया कि बारात सुबह करीब 4 बजे गांव पहुंच चुकी थी। इसके बाद सुबह 6 बजे टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान दुल्हन के आधार कार्ड में उसकी जन्मतिथि 1 जुलाई 2007 पाई गई, जिससे उसकी आयु 18 वर्ष 10 माह निकली। वहीं दूल्हे निलेश के आधार कार्ड एवं अंकसूची के सत्यापन में उसकी जन्मतिथि 1 नवंबर 2007 पाई गई, जिसके अनुसार उसकी आयु 18 वर्ष 6 माह होना सामने आया। इस प्रकार दूल्हा कानूनी रूप से नाबालिग पाया गया। टीम ने दोनों पक्षों को बाल विवाह प्रतिषेध कानून की जानकारी देते हुए समझाया कि लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही बाल विवाह कराने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई और सजा से भी अवगत कराया गया। समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने लिखित सहमति दी कि दूल्हे के बालिग होने के बाद ही विवाह संपन्न कराया जाएगा। कार्रवाई में बाजना परियोजना अधिकारी एहतेशाम अंसारी, पर्यवेक्षक रजनी मईडा, हबीबनूर पठान, ऑपरेटर परवेज खान, बाजना थाना प्रभारी रविन्द्र दंडोतिया के निर्देशन में एएसआई कालू सिंह जामोद तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा एवं सहायिका कैलाशी मौजूद रहीं।

## वार्षिक समारोह में दिखे भक्ति के रंग

**जावरा।** श्री कलामोहन, भाषा, साहित्य एवं संगीत केन्द्र का वार्षिक समारोह स्थानीय श्री हरि पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ .शैलेंद्र कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव में इस तरह के आयोजन एक पवित्र यज्ञ और अनुष्ठान की तरह है इसमें अपनी सहभागिता की आहुति देने वाला प्रत्येक व्यक्ति सौभाग्यशाली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्विनी शोध संस्थान के ख्यात मुद्राशास्त्री एवं पुरातत्वविद् आरसी ठाकुर ने की। विशेष अतिथि झाबुआ की संगीतज्ञ भारती सोनी ने भक्ति गीत के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी और कार्यक्रम की गहरी भावना को सराहा। प्रसिद्ध लघु-कथाकार श्री देवेंद्रसिंह सिसोदिया,खंडवा के कवि-लेखक अरुण सातले, इंदौर की डॉ .रेखा मंडलोई, उज्जैन की प्रसिद्ध कवियित्री डॉ. क्षमा सिसोदिया और इंदौर की लोक कलाकार श्रीमती अनुराधा शर्मा को अभिनदन पत्र, मोमेंटो, शाल व नकद राशि से सम्मानित किया गया। सम्मानित लेखको ने भी अपने विचार प्रकट किए और केन्द्र के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। यह संपूर्ण कार्यक्रम भूटान के संत स्वामी चैतन्यानंद महाराज की निश्रा में संपन्न हुआ।

# क्रांति जोशी को मिला मां देवी अहिल्या माता गौरव पुरस्कार




**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष समाज सेविका क्रांति जोशी को इन्दौर में गुरुवार को एक गरिमामय बड़े समारोह में उनकी जनसेवा और सामाजिक दायित्वों में लगनपूर्वक कार्य करते रहने के जज्बे के लिए सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें पूर्व मंत्री और समाजसेविका ऊषा ठाकुर और पदमश्री जनक पलटा के कर कमलों से नवाजा गया।

दरअसल इन्दौर के ऐतिहासिक जाल सभागृह में देवी अहिल्या बाई जन्म जयंती समारोह समिति ने सामाजिक, धार्मिक, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सतत उत्कृष्ट योगदान देने वाली चार सक्रिय महिला विभूतियों को 'मां देवी अहिल्या माता गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यही सम्मान सैलाना की क्रांति जोशी को भी मिला। अन्य तीन विभूतियों में भारती कुशवाह, भारती ठाकुर और माधुरी यादव शामिल हैं।

**इसलिए मिला उन्हें ये बड़ा सम्मान:** दरअसल क्रांति जोशी को ये बड़ा सम्मान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सतत कार्य करने पर एवम् 27 मंदिरों के जीर्णोद्धार के संकल्प के कारण मिला। क्रांति जोशी अपनी टीम के साथ वनवासी क्षेत्र के क्रांति जोशी वनवासी क्षेत्र में जीर्ण शीर्ण हो चुके मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य में अपनी टीम के साथ लगी हुई हैं।वे अरिहंत महिला साख संस्था के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के अभियान में भी काफी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।इन कारणों से उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ एक लाख ग्यारह हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री ऊषा ठाकुर, समाज सेविका पद्म श्री जनक पलटा एवम जन्म जयंती समारोह समिति अध्यक्ष जयंत भिसे सहित कई जानी मानी विभूतियाँ समारोह में उपस्थित थी। अनेक गणमान्यजनों ने इस बड़े सम्मान के लिए क्रांति जोशी को बधाई दी व कहा कि इस सम्मान ने न केवल सैलाना क्षेत्र का ही बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया हैं।

## वैघराज गली के रहवासियों ने की नाली निर्माण और सफाई की मांग

- अध्यक्ष शुक्ला ने जल्द निराकरण का दिया आश्वासन

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** वार्ड क्रमांक 12 स्थित वैघराज गली, महात्मा गांधी मार्ग के रहवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला को एक पत्र सौंपकर वार्ड में नाली निर्माण एवं क्षेत्र में फैली गंदगी की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

रहवासियों का कहना है कि गली की नालियां पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जिनमें गंदा पानी जमा रहने से बदबू फैल रही है और मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी घातक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गली में एक खाली प्लॉट भी पड़ा हुआ है, जहां भारी मात्रा में गंदगी जमा है। कई बार वहां जहरीले जीव-जंतु भी देखे गए हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

रहवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों का निर्माण कराया जाए तथा खाली प्लॉट की सफाई करवाई जाए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मांडोत, कांग्रेस के वार्ड प्रभारी अंकित कसेरा, दिनेश कुमावत आसरा, जितेंद्र पटेल, संजय ग्वाले, शैलेन्द्र ग्वालियरी, सुनील कसेरा आदि मौजूद थे।

## पानी देने में हुई देरी घर में मचा बवाल

**रतलाम।** रिंगनोद थाना क्षेत्र के ग्राम ढोढर में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पानी देने में हुई कथित देरी को लेकर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। महिला ने आरोप लगाया कि पति ने गाली-गलौज करते हुए उसके सिर पर हमला किया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार ग्राम ढोढर निवासी रानुकुंवर पति होकमसिंह सिसौदिया (30) की शिकायत पर उसके पति होकमसिंह पिता उदयसिंह सिसौदिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना 27 मई की रात करीब 8 बजे की बताई गई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि पति ने पानी मांगने पर देर होने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने अश्लील गालियां दीं और सिर पर वार कर घायल कर दिया। साथ ही जान से खत्म करने की धमकी भी दी।

## महू-नीमच हाईवे पर सड़क हादसा जवानों ने बचाई दो भाइयों की जान

**जावरा।** महू-नीमच हाईवे रोड पर पुलिस बटालियन के सामने श्क्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को शाम करीब 4:43 बजे सूचना मिली कि दो व्यक्ति सड़क किनारे गंभीर हालत में लहूलुहान पड़े हैं।

सूचना मिलते ही जावरा शहर थाने की एफआरवी वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे डायल-112 के स्टाफ आरक्षक जितेन्द्र व्यास और पायलट मंगलेश्वर सूर्यवंशी ने देखा कि मोटरसाइकिल दुर्घटना के कारण दोनों युवक सड़क पर तड़प रहे थे, जिनमें से एक को बेहद गंभीर चोटें आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 के जवानों ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायलों को अपने शासकीय वाहन में लिटाया और तत्काल शासकीय सिविल चिकित्सालय जावरा पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया है।

**पिपलोदी के रहने वाले हैं घायल:** पुलिस के अनुसार, घायलों के नाम कमलेश (45 ) और मन्नालाल हैं। दोनों पिता नंदाजी के पुत्र हैं और रिंगनोद थाने के ग्राम पिपलोदी के रहने वाले हैं। चश्मदीदों और अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अगर डायल-112 के जवान मौके पर पहुंचने और उन्हें अस्पताल ले जाने में थोड़ी भी देरी करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। पुलिस जवानों की इस त्वरित कार्यवाही और सूझबूझ की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

**एक नजर में** — पिपलौदा में कांग्रेस का हल्लाबोल, किसानों की 6 मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# खाद नहीं, डीजल और किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा



**नवभारत न्यूज**

**पिपलौदा।** जिला किसान कांग्रेस एवं पिपलौदा ब्लॉक किसान कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम तहसीलदार देवेंद्र दानगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। बताया अघोषित बिजली कटौती और खरीफ फसल के लिए रासायनिक खाद की अनुपलब्धता। सेवा सहकारी समितियों में खाद के टोकन नहीं बट रहे। खेतों की जुताई के लिए डीजल नहीं मिल रहा। केंद्र सरकार द्वारा डीजल के दाम बढ़ाने से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। खेतों में नरवाई जलाने पर किसानों के खिलाफ बन रहे प्रकरणों को रोकने की मांग की गई। साथ ही सीमांकन में गड़बड़ी तथा खेतों का सीमांकन समय पर नहीं हो रहा। मोबाइल से गलत सीमांकन को राजस्व विभाग की लापरवाही बताया। वही ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

**ये किसान रहे मौजूद:** ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश शाह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दिलीप राव मंडलोई, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश पटेल, समरथ पाटीदार, नितेश सुराणा, अंतरसिंह शरण, राजेंद्र नेताजी, प्रकाश पाटीदार, बाबूलाल काग, रतनलाल मालवीय, जगदीश सोलंकी, बद्रीलाल पटेल, बगदीराम बड़ायला, पप्पूदास बैरागी, शांतिलाल शाह, सोहन शाह, बंसीलाल पाटीदार, जगदीश जाट, जियाउद्दीन कुरैशी सहित किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन मनोहरलाल शर्मा ने किया। संचालन नरेंद्रसिंह चंद्रावत ने किया तथा आभार रईस मंसूरी ने माना।

> **अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप**
>
> कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश भरावा ने वर्तमान सरकार को किसान विरोधी बताया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरुण श्रोत्रिय, बलवंतसिंह गोंदीशंकर तथा जिला पंचायत सदस्य डी.पी. धाकड़ ने जिला प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। नेताओं ने अधिकारियों की खुलकर खिंचाई की।